# University in News on 07 August 2020

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## दो घंटे शिक्षकों-छात्रों की सुनी जाएंगी समस्याएं

**लखनऊ।** एलयू में कुलपति प्रो. आलोक राय ने शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों की समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों के मिलने का समय निर्धारित कर दिया है। रजिस्ट्रार विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी सूचना के अनुसार प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक वीसी, रजिस्ट्रार, वित्त अधिकारी व परीक्षा नियंत्रक प्रशासनिक भवन में उपस्थित रहकर शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्रों की समस्या सुनेंगे और उसका निराकरण करेंगे।

**इधर, बीएड प्रवेश परीक्षा के पर्यवेक्षक रवाना :** 9 अगस्त को प्रस्तावित बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। एडमिट कार्ड जारी करने के बाद बृहस्पतिवार को प्रवेश परीक्षा के पर्यवेक्षक नोडल केंद्र के लिए रवाना हुए। शुक्रवार को ये नोडल केन्द्रों पर संबंधित नोडल समन्वयक व नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि परीक्षा संबंधित सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं।

**NBT PAGE 3**

## डिस्पोजेबल स्ट्रिप पर लेंगे थंब इम्प्रेशन

■ एनबीटी, लखनऊ : कोविड संक्रमण के बीच बीएड प्रवेश परीक्षा में नकल रोकने के लिए इस बार खास इंतजाम किए गए हैं। हर परीक्षार्थी के अंगूठे के निशान के लिए डिस्पोजेबल स्ट्रिप की व्यवस्था की जाएगी, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा न हो और धांधली पर भी लगाम लग सके। बता दें कि केंद्र सरकार ने कोरोना संक्रमण की वजह से बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज करवाने पर रोक लगा रखी है।

**HINDUSTAN PAGE 6**

## कुलपति हर सोमवार को सुनेंगे समस्याएं

**लखनऊ।** जनता दरबार की तरह लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति व प्रशासनिक अधिकारी हर सोमवार को दो घंटे शिक्षक, छात्रों व कर्मचारियों की समस्याओं को सुनेंगे।

कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि छात्र और शिक्षक अपनी समस्या लेकर सीधे कुलपति, वित्त अधिकारी और परीक्षा नियंत्रक से मिल सकेंगे। कुलसचिव ने बताया कि छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस व्यवस्था को लागू किया जा रहा है। हर सोमवार को दोपहर 12 से 2 बजे के बीच छात्र, शिक्षक और कर्मचारी प्रशासनिक भवन में समस्याएं बता सकेंगे।


**i-NEXT PAGE 2**

## बीएड एंट्रेंस एग्जाम में बायोमैट्रिक्स अटेंडेंस

**मुन्ना भाइयों पर नकेल की तैयारी में लखनऊ यूनिवर्सिटी**

**LUCKNOW(6 Aug, inext):** कोरोना संक्रमण के बीच में नौ अगस्त को होने जा रहे बीएड एंट्रेंस एग्जाम में मुन्ना भाइयों पर नकेल कसने के लिए नई तैयारी की गई है. बीएड एंट्रेंस एग्जाम करा रही लखनऊ यूनिवर्सिटी ने इस बार भी बीएड एंट्रेंस एग्जाम में बायोमैट्रिक्स अटेंडेंस लेने की तैयारी में है. इस पहले यूनिवर्सिटी ने बायोमैट्रिक्स लेने से मना कर दिया था. जिसके बाद यह अंदेशा व्यक्त किया जा रहा था कि कहीं एग्जाम में कोई मुन्ना भाई न शामिल हो सकें. इसी को ध्यान में रखते हुए बीएड एंट्रेंस एग्जाम में स्टूडेंट्स के उंगलियों के निशान लेने का निर्णय किया गया है.

CONCEPT PIC



**सभी सेंटर्स पर स्टूडेंट्स के उंगलियों के निशान लेने के लिए एलयू डिस्पोजबल स्ट्रिप मुहैया कराएगा.**

### डिस्पोजबल स्ट्रिप का यूज

सभी सेंटर्स पर स्टूडेंट्स के उंगलियों के निशान लेने के लिए एलयू प्रशासन डिस्पोजबल स्ट्रिप मुहैया कराएगा. इस स्ट्रिप से एक बार में एक ही स्टूडेंट्स के उंगलियों के निशान लिए जा सकेंगे. ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने कोरोना संक्रमण काल में किसी भी तरह के पंचिंग और बायोमैट्रिक्स तरीके से उपस्थिति दर्ज कराने पर रोक लगा रखी है. इसी को ध्यान में रखते हुए बीएड एंट्रेंस एग्जाम में इस तरह का प्रयोग किया जा रहा है. बीएड एंट्रेंस एग्जाम में कोरोना से बचाव की व्यवस्था करने के लिए दो करोड़ रुपए का बजट लग से अलॉट किया गया है.

### काउंसिलिंग के समय होगा मिलान

यूनिवर्सिटी प्रशासन इन उंगलियों के निशान को काउंसिलिंग के समय स्टूडेंट्स से मिलान करेगा. स्टूडेंट्स को उस समय भी अपने-अपने उंगलियों के निशान देने होंगे. अगर इसमें कोई भिन्नता मिलती है उसे स्टूडेंट्स का एग्जाम कैंसिल कर दिया जाएगा. इसके बाद यूनिवर्सिटी उस पर आगे की कार्रवाई करेगी.